दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०,राजपुर–पूरनपुर–नादेही जिला–ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ई–निविदा सूचना

पेराई सत्र 2024–25 में उपयोग किये जाने वाली सामग्री क्रय करने, तकनीकी कार्यो को कराने हेतु जी०एस०टी० में पंजीकृत, अधिकृत विक्रेताओं/प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं एवं अनुभवी फर्मो से www.uktenders.gov.in पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ 354.00 जी०एस०टी० सहित (अप्रतिदेय) होगा, ई–निविदा की विस्तृत सूचना मिल समिति की बेवसाईट www.nadehisugars.com पर भी उपलब्ध है। www.uktenders.gov.in पर प्राप्त निविदा ही मान्य होगी, अन्य माध्यम से प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं होगीं। निविदादाता निविदा में अपनी अन्तिम दरें ही दें, आवश्यकता होने पर एल–1 फर्म से अथवा अपरिहार्य परिस्थितियों में अन्य फर्मो से भी निगोशियेशन किया जा सकता हैं।

निविदादाताओं द्वारा निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि निविदा प्रपत्र के अनुसार दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, नादेही के चालू खाता संख्या 50200070991433, IFSC CODE: HDFC0009534, एच०डी०एफ०सी० बैंक लि०, शाखा–काशीपुर में आर०टी०जी०एस०/ई–बैंकिग के माध्यम से जमा कराकर बैंक विवरण एवं फर्म का नाम मिल के लेखा विभाग की ई–मेल आई०डी० nadehiact@gmail.com पर भेजना अनिवार्य होगा। ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं को तकनीकी निविदा के साथ वांछित अभिलेखों को अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

इस निविदा से सम्बन्धित सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट एवं समय वृद्धि आदि को केवल मिल समिति की बेवसाईट www.nadehisugars.com एवं www.uktenders.gov.in पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन बेवसाईट को पढ़ते रहें।

क्र० सं०	विवरण	निविदा जमा करने की प्रारम्भिक तिथि/ समय. अपरान्ह 3:00 बजे	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/ समय अपरान्ह 5:00 बजे	निविदा खोलने की तिथि/समय पूर्वान्ह 11:00 बजे
1.	वर्तमान में स्थापित बैगास एलीवेटर एवं आर. बी.सी. के एलीवेशन को 02 मीटर ऊँचाई तक बढ़ाये जाने एवं डजाईन सम्बन्धित कार्य	03.08.024	16.08.2024	17.08.2024
2.	पावर हाउस से नव निर्मित कन्ट्रोल रूम तक मेन इन्कमिंग लाइन एवं केबिल ट्रे लगाने सम्बन्धित कार्य			
3.	ब्वॉयलर नं. 1 व 2 में लगी 6" की स्टीम लाइन को आवश्यक स्टीम वॉल्व, फ्लैंज, बैण्ड, एक्सपेंशन लूप एवं डिस्ट्रीब्यूशन हैडर के इन्लेट के साईज में आवश्यक संशोधन करते हुए 8" की स्टीम लाइन में परिवर्तित करना एवं डिजाइन सम्बन्धित कार्य			
4.	तोल काँटें हेतु मानक बॉट क्षमता 50 किग्रा०, 20 किग्रा० एवं 10 किग्रा० की आपूर्ति।			

पत्रांक/क्रय/01ए/2024–25/402 — दिनांक 01-08-2024

प्रतिलिपिः–1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि०, देहरादून (उत्तराखण्ड)।
2. प्रशासक/जिलाधिकारी महोदय, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।
3. महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि०, देहरादून (उत्तराखण्ड)।
4. समस्त प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक, सहकारी/निगम चीनी मिलें, उत्तराखण्ड।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, चीनी मिल नादेही, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।
6. नोटिस बोर्ड, प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यालय, चीनी मिल नादेही पर चस्पार्थ।
7. कम्प्यूटर प्रभारी को इस निर्देश के साथ कि निविदा सूचना को मिल की वेबसाईट एवं ई–निविदा की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर यथा समय अपलोड करें।
8. सम्बन्धित आपूर्तिकर्ताओं एवं फर्मो को सूचनार्थ।

(दिनेश प्रताप सिंह)
पी०सी०एस०
प्रधान प्रबन्धक/सचिव